








# बाल विकास योजना के नाम पर ठगी का पटाक्षेप

## 217 महिलाओं से नौकरी के नाम पर ठगे रूपये वापस दिखाए

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** प्रशासनिक सजगता और त्वरित कार्रवाई का एक उदाहरण खंडवा में देखने को मिला है, जहाँ बाल कल्याण समिति और महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रयासों ने एक बड़े नौकरी रैकेट का पर्दाफाश किया है। बाल विकास योजना के नाम पर संचालित एक फर्जी संस्था द्वारा बेरोजगार महिलाओं और नाबालिगों को निशाना बनाया जा रहा था। इस कार्रवाई के चलते 217 महिलाओं और युवतियों को आर्थिक ठगी और मानसिक शोषण से समय रहते बचा लिया गया।

**ऊंचे वेतन का लालच और अवैध वसूली :** महिला एवं बाल विकास अधिकारी रत्ना शर्मा और परियोजना अधिकारी पूजा राठौर की उपस्थिति में गठित दल ने बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में माता चौक स्थित एक कार्यालय पर छापा मारा, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

यह गिरोह गुना से संचालित हो रहा था और इसका काम बेरोजगारी से जूझ रही महिलाओं को 7,500 से 25 हजार रुपये प्रति माह वेतन का लालच देकर फंसाना था। नौकरी के नाम पर प्रत्येक अभ्यर्थी से परीक्षा शुल्क और रजिस्ट्रेशन के नाम पर 1,050 रुपये की अवैध वसूली की जा रही थी। जांच में पाया गया कि ठगी का शिकार होने वाली कई युवतियां 10वीं-12वीं पास नाबालिग थीं, जिन्हें शिक्षक बनाने का झांसा दिया गया था।

**24 घंटे में न्याय: पैसे भी वापस, कार्यालय सील :** प्रशासन की इस कार्रवाई का सबसे अहम और मानवीय पहलू यह रहा कि कार्रवाई के महज 24 घंटे के भीतर पीड़ितों से वसूली गई राशि उन्हें वापस लौटाई गई। 101 महिलाएं जिनसे पैसे वसूले जा चुके थे, वही सौ से अधिक अन्य महिलाएं जिनकी परीक्षा लेने की तैयारी चल रही थी, उन्हें इस जाल में फंसने से पहले ही रोक लिया गया। मौके पर कंपनी के स्टेट हेड महेंद्र मीणा के खिलाफ कार्रवाई की गई और माता चौक स्थित कार्यालय को सील कर पंचनामा बनाया गया।



महेंद्र मीणा गुना निवासी जिन पर कार्रवाई हुई

**शिक्षा के नाम पर अवैध धंधा :** जांच दल ने खुलासा किया कि इस फर्जी नेटवर्क की योजना जिले में करीब 100 अवैध स्कूल खोलने की थी। बिना किसी सरकारी मान्यता या मापदंड के, 3 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए स्कूल संचालित किए जा रहे थे, जिसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम और बाल संरक्षण कानूनों का खुला उल्लंघन माना गया।

> ● मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इस अभियान में बाल कल्याण समिति के सदस्य मोहन मालवीय, रुचि पाटिल, कविता पटेल और स्वप्निल जैन की भूमिका सराहनीय रही।
>
> **प्रवीण आर्य**
> **कोतवाली थाना प्रभारी**
>
> ● महिलाओं और नाबालिगों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। हम बाल अधिकारों और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सजग है।
>
> **प्रवीण शर्मा**
> **न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष**

### गुरुनानक स्कूल में गणतंत दिवस कार्यक्रम दिवस



**नवभारत न्यूज ,खंडवा।** श्री गुरु नानक हायर स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह मनाया, जिसमें मुख्य अतिथि सरदार डॉक्टर गुरदीप सिंह जी उबेजा, डॉ. आस्था जी उबेजा, सरदार सतवीर (भारतीय नौसेना कमांडर), सरदार जोगिंदर सिंह कुकरेजा, सरदार परममीत सिंह अजमानी, सरदार दलजीत सिंह सावनी, सरदार मंजीत सिंह चावला, श्री गुरु नानक शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष सरदार अमरिंदर सिंह सचदेवा सचिव मनजीत सिंह छाबड़ा, प्राचार्य राजेंद्र कुमार शुक्ला एवं समाज के अन्य अतिथि, शिक्षक और अभिभावक भी उपस्थित रहे।

छात्र छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं अतिथियों द्वारा भाषण दिए गए।

भारतीय नौसेना कमांडर सरदार सतवीर सिंह द्वारा बच्चों को कंफर्ट जोन से बाहर निकाल कर संघर्ष करना चाहिए।

गत वर्ष में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया एवं मुख्य अतिथियों और विशेष अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### मंत्री डॉ . विजय शाह आज खंडवा और मलगांव के दौरे पर

**नवभारत न्यूज ,खंडवा ।** प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह 29 जनवरी को सुबह 10 बजे नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में फारेंसिक मेडिसिन एवं साइंस विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मंत्री डॉ. विजय शाह रात्रि 8 :30 बजे खालवा विकासखंड के ग्राम मलगांव में आयोजित श्री दाता साहब मेले के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### विद्यार्थियों का श्रम न्यायालय का शैक्षणिक भ्रमण

**खंडवा।** मोतीलाल नेहरू लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों को श्रम न्यायालय, खंडवा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को न्यायालय की कार्यप्रणाली, श्रम कानूनों के व्यावहारिक पक्ष, मुआवजा, सेवा संबंधी प्रकरणों में गवाही, अपील प्रक्रिया एवं न्यायालय के क्षेत्राधिकार की जानकारी दी गई। साथ ही वर्ष 2019 में श्रम कानूनों में हुए महत्वपूर्ण संशोधनों से भी अवगत कराया गया।

भ्रमण के दौरान श्रम न्यायालय की पीठासीन अधिकारी अनुजा श्रीवास्तव ने न्यायालयीन प्रक्रिया, प्रकरणों में प्रयुक्त दस्तावेजों व साक्ष्यों की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन पद्धति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा कानून के मूल सिद्धांतों की स्पष्ट समझ के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर एलएलबी (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के विद्यार्थी, सहायक प्राध्यापिका श्रेया मुजमेर एवं स्मिता वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम महाविद्यालय के निदेशक ऋषि गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### अमृत योजना 2 .0 अंतर्गत ओवरहेड टैंकों का विधिवत पूजन

**नवभारत न्यूज ,खंडवा।** अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत नगर की जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कुंडलेश्वर वार्ड एवं स्मार्ट सिटी क्षेत्र में स्थित ओवरहेड टैंकों का महापौर अमृता अमर यादव के नेतृत्व में विधिवत पूजन किया गया।



इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य राजेश यादव, अनिल वर्मा, दीना पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शहर की कुल पाँच ओवरहेड टंकियों में से दो प्रमुख टंकियों के वाल्व खोलकर पूजन किया गया। जलापूर्ति प्रणाली की परीक्षण प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इसके पूर्व हरिगंज जैसे क्षेत्रों में जहाँ जलापूर्ति नहीं पहुँच पाती थी, अब बिना मोटर के लगभग 7 फीट ऊँचाई तक जलापूर्ति संभव हो सकी।

## करोड़ों की ई-लाइब्रेरी पर कलेक्टर की पैनी नजर

नवभारत न्यूज



**खंडवा:** जिले में उच्च शिक्षा के स्तर को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एसएन कॉलेज छात्रावास परिसर में 2.15 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रही ई-लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का बुधवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। नीति आयोग द्वारा स्वीकृत इस महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी दो टूक लहजे में कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने भवन के ढांचे के साथ वहां मिलने वाली सुविधाओं पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि ई-लाइब्रेरी भवन के बाहर व्यवस्थित वाहन पार्किंग बनाई जाए और परिसर के भीतर विद्यार्थियों के लिए कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। दिव्यांग छात्र-छात्राओं की सहूलियत को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने रैंप निर्माण सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा, पीआईयू के कार्यपालन यंत्री श्री एसके त्रिपाठी और महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सोमपाल सिंह भी मौजूद रहे।

प्रशासनिक सख्ती के साथ-साथ कलेक्टर की मानवीय संवेदनशीलता भी इस दौरान देखने को मिली। निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूरों के छोटे बच्चों को देखकर निर्देश दिए कि इन बच्चों को तत्काल नजदीकी स्कूल और आंगनबाड़ी में प्रवेश दिलाया जाए, ताकि ज्ञान के इस मंदिर का निर्माण करते समय मजदूरों के बच्चों का भविष्य अंधकार में न रहे।

### इनामी योजना में ग्राहकों ने जीते लाखों के पुरस्कार




नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** बालाजी ग्रुप द्वारा आयोजित आवास मेले के अंतर्गत भव्य लकी ड्रॉ कार्यक्रम का आयोजन इंदौर रोड स्थित बालाजी धाम कॉलोनी में सम्पन्न हुआ। ग्रुप द्वारा यह आवास मेला 9, 10 एवं 11 जनवरी को बालाजी धाम में आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

लकी ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के रूप में अल्टो कार स्नेह बालाजी नगर निवासी आशा लोकेंद्र सिंह तंवर ने जीती। द्वितीय पुरस्कार 21 ग्राम सोने का रानी हार स्नेह बालाजी नगर की नंदिनी सराफ, तृतीय पुरस्कार पल्सर बाइक सुशीला बालाजी नगर निवासी अखिलेश ठाकुर ,

चौथा पुरस्कार ई-बाइक निर्मला मालवीया को मिला। वही पांचवां पुरस्कार एक दिन के लिए क्लब हाउस उपयोग रेखा खेड़े, बालाजी पुरम को प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में उपस्थित सभी अन्य प्लॉट धारकों को भी निश्चित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बालाजी ग्रुप के संस्थापक एवं समाजसेवी रितेश गोयल ने सभी विजेताओं एवं उपस्थित प्लॉट धारकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्राहकों का विश्वास और सहयोग ही बालाजी ग्रुप की सबसे बड़ी पूंजी है।

### सीईओ डॉ . गौड़ा ने ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया



नवभारत न्यूज

**खण्डवा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने बुधवार को पंधाना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जलकुआ, सुतारखेड़ा एवं सिंगोट का दौरा कर मिशन अमृत संचय अभियान के अंतर्गत बनाये जा रहे रिचार्ज पिट एवं ट्रेंच निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। सीईओ डॉ गौड़ा ने उपस्थित अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के निर्धारित स्तर के साथ समय पर पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें एवं क्षेत्र का दौरा कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखें। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी भीउपस्थित थे।

### भगवान राम ने शत्रु के समक्ष भी सत्य का पालन किया

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** बुधवार को शिवशक्ति महिला मण्डल द्वारा शहर के रामनगर में आयोजित शिव महापुराण के छठवे दिन की कथा में वृंदावन धाम से आये पं. बनवारी भाई उपमन्यु ने कहा रामजी ने सदैव अपने कुल की मर्यादा का पालन किया-रघुकुल रीति सदा चलि आई, प्राण जाहि पर वचन न जाई। रामजी ने अपने पिता का वचन मानकर चौदह वर्ष का वनवास स्वीकार किया। इसी प्रकार सीताहरण के बाद विभीषण को रामजी ने लंकेश कह दिया। सुग्रीव ने कहा महाराज यदि रावण शरणागत हो गया तब क्या होगा। रामजी ने कहा यदि सीता को लेकर रावण यदि आ भी जाए तब भी लंका के राजा विभीषण ही होंगे और रावण को हम अयोध्या का राज्य देकर चारों भाई वन में ही वास करेंगे। इस प्रकार भगवान राम ने शत्रु के समक्ष भी सत्य का पालन किया। महाराज ने कार्तिकेय द्वारा तारकासुर वध और नंदी जन्म आदि की कथाओं का श्रवण कराया।



### तेज बारिश से हुए नुकसान का मिले मुआवजा : उत्तमपाल सिंह

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** तेज आंधी, बारिश एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुई भारी क्षति को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने किल्लोद ब्लॉक के गांवों में पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मजबूती से खड़ी है और फसल नुकसान का शीघ्र मुआवजा दिलाने के लिए कलेक्टर से चर्चा की जाएगी। पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि गड़बड़ी, हरिपुरा, सेमरूढ़, लछोड़ा, जूनापानी, खेड़ीपुरा, घाघरिया, मालूद, बड़गांव, कुंडिया, बिल्लोद, पाटाखाली, भुलवानी सहित कई गांवों में गेहूं व चना की फसल को भारी नुकसान हुआ है। उत्तमपाल सिंह ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि खरीफ सीजन में भी किसानों को कोई राहत नहीं मिली और अब रबी की फसल भी तबाह हो गई है। प्रशासन तत्काल सर्वे कर वास्तविक आकलन के आधार पर मुआवजा देने की बात कही। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह कलम, गिरवर सिंह, रवि विश्नोई, असलम लछोड़ा, संदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## सहकारिताओं की भूमिका पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी संस्था लोनी में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सहकारिताएं बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं विषय पर चर्चा करते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कृषि बुरहानपुर के शाखा प्रबंधक अशोक चौधरी ने कहा कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं और इनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का आर्थिक व सामाजिक विकास होता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।




कार्यक्रम में सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पी.एम. सोनवणे, पैक्स लोनी के प्रबंधक संजय महाजन, सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी प्रदीप श्रीमाली सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला सहकारी संघ खंडवा द्वारा सहकारी प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन मेहताब सिंह भदोरिया ने किया एवं आभार मनोज पालीवाल ने माना।

### एमआईसी सदस्य अनिल वर्मा की अध्यक्षता में बैठक

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नगर निगम की आय को सुदृढ़ एवं नियमित बनाए रखने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एमआईसी सदस्य अनिल वर्मा ने की। बैठक में उपआयुक्त एस.आर. सिटोले सहित लेखा शाखा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि राजस्व वसूली टीम को अन्य विभागीय कार्यों में न लगाया जाए, ताकि वसूली अभियान प्रभावित न हो। इस संबंध में वित्त समिति के माध्यम से प्रस्ताव एमआईसी में प्रस्तुत कर कलेक्टोरेट स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने पर सहमति बनी। साथ ही निगम की आय बढ़ाने के लिए नवाचारी व प्रभावी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आय-व्यय की समीक्षा करते हुए वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता एवं संतुलन पर विशेष जोर दिया गया।

### विस्फोटक बरामदगी मामला : चालक अरबाज गिरफ्तार, मुख्य सरगना इमरान समेत 5 अन्य के नाम आए सामने

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर में अवैध विस्फोटक सामग्री बरामदगी मामले में पुलिस जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। थाना प्रभारी प्रवीण आर्या ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में अब तक चालक अरबाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक और सख्त पूछताछ में अरबाज ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। आरोपी चालक ने पुलिस को बताया कि इस पूरे अवैध कारोबार का मुख्य मास्टरमाइंड इमरान है। पूछताछ में इमरान के अलावा पांच अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं, जिनकी भूमिका की अब पुलिस बारीकी से जांच कर रही है। एसपी ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 10,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस टीमें अब मुख्य आरोपी इमरान और सामने आए अन्य पांच संदिग्धों की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।